## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 25.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–बिना भेदभाव सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य, देश को समर्पित किया राष्ट्र प्रेरणा स्थल**
2. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संथाली भाषा में संविधान का किया विमोचन, कहा–ओलचिकी लिपि में संविधान उपलब्ध होना गर्व की बात।**
3. **झारखंड समेत देशभर में सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन, सम्मानित किए गए विजयी प्रतिभागी, प्रधानमंत्री ने बताया जनआंदोलन।**
4. **झारखंड की सब जूनियर थ्रोबॉल टीम वाराणसी रवाना, कल से आयोजित 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में लेगी भाग।**
5. **ईसा मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर आज राज्यभर में क्रिसमस का उल्लास, गिरिजाघरों में विशेश प्रार्थना का आयोजन।**

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पिछले 11 सालों से उनकी सरकार समाज के हर नागरिक के कल्याण के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और बिना किसी भेदभाव के उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। यह उचित शासन और सच्ची धर्मनिरपेक्षता का परिचायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक जनसभा में यह बात कही। उन्होंने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस स्थल को स्वतंत्र भारत की महान हस्तियों की विरासत का सम्मान करने के लिए बनाया गया है।

****************

आज झारखण्ड विधानसभा परिसर में  पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न,  अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनायी गई।इस अवसर पर झारखंड विधानसभा परिसर में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति एवं तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया ।

****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में संथाली भाषा में संविधान का विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि सभी संथाली लोगों के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि अब संविधान संथाली भाषा में, ओलचिकी लिपि में उपलब्ध है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड की राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने जनजातीय कल्याण के लिए कई कदम उठाए थे और जनजातीय संस्कृति तथा भाषाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया था।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता शहीद निर्मल महतो की 75 वीं जयंती पर रांची के जेल मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर  श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शहीद निर्मल महतो के योगदान को याद किया।

****************

धनबाद शहर के पीके राय कॉलेज में आज पंडित मदन मोहन मालवीय की 165वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामकुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महामना परिवार झारखंड की ओर से कई सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पुराने छात्रों का समागम भी हुआ।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर रहे हैं। आज सांसद खेल महोत्सव को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है।

****************

झारखंड समेत देशभर में एनडीए सांसदों के क्षेत्रों में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन हो गया। हजारीबाग के संजय सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। श्री जायसवाल ने कहा कि अगले साल एक लाख से अधिक खिलाड़ी सांसद खेल महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

इधर धनबाद लोकसभा क्षेत्र में 14 दिसंबर से आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव का समापन आज बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के चिटाही गांव स्थित ग्राउंड में हुआ। इस दौरान विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

****************

गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के मांझाटोली में 30 दिसंबर को अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक कार्तिक जतरा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी ।

****************

रामगढ़ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है, जहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची विश्वविद्यालय, के पूर्व प्रति कुलपति एवं संत जेवियर्स महाविद्यालय, राँची के पूर्व शिक्षक तथा वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वी.पी. शरण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. शरण का निधन उच्च शिक्षा एवं पत्रकारिता जगत लिए अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

****************

झारखंड की सब जूनियर थ्रोबॉल टीम उत्तर प्रदेश के बनारस में कल से आयोजित होने वाली 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई।

****************

ईसा मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज राज्यभर में क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रांची समेत राज्य भर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया है। रामगढ़ के ख्रीस्त दिव्य रूपांतर उपासनालय में सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।

**********समाप्त***********